सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

********

नई दिल्ली, दिनांकः 10 सितम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञापन

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित जुलाई, 2021 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अरूप श्याम

(अरूप श्याम चौधुरी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23095091

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
14. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
15. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
16. श्री रजत कुमार मिश्रा, अपर सचिव (बजट), आर्थिक कार्य विभाग।
17. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
18. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष।

वरिष्ठ सलाहकार (सीएंडएसी/ एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/संयुक्त सचिव (आईपीएफ)/संयुक्त सचिव (बजट)/संयुक्त सचिव (सीएंडसी)/संयुक्त सचिव(निवेश)/सलाहकार (बीसी)/सलाहकार (प्रशा.)/सलाहकार (निवेश)/सलाहकार (आर्थिक प्रभाग)/ सलाहकार (आईईआर)/सलाहकार (आईईआर)/सलाहकार (आईपीएफ)/सीएएए।

19. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

20. गार्ड फाइल – 2021

सं. ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

**विषयः जुलाई, 2021 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

## 1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन

भारतीय अर्थव्यवस्था लक्षित राजकोषीय राहत, मौद्रिक नीति उपायों, और त्वरित टीकाकरण अभियान के साथ कोविड-19 की दूसरी लहर के प्रभाव से उबरने के संकेत दिखा रही है। दूसरी लहर को धीमा करने के लिए विस्तार आधारित आर्थिक राहत पैकेज की राशि को 6.29 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया। आरबीआई ने बाजार की चिंताओं को कम करने और बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज और विकास पर गुणक प्रभाव वाले क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को जारी रखा है।

केंद्र सरकार का लचीला कर संग्रह और विशेष रूप से सड़क और रेल क्षेत्र में पूंजीगत व्यय में निरंतर वृद्धि-पूंजीगत व्यय द्वारा संचालित निरंतर आर्थिक पुनर्बहाली के लिए अच्छा संकेत हैं। हाल ही में घोषित आर्थिक राहत पैकेज से पीएलआई योजना के कार्यान्वयन के माध्यम से कैपेक्स चक्र की गति में और अधिक तेजी आने और पीपीपी परियोजनाओं और संपत्ति मुद्रीकरण हेतु प्रक्रियाओं के धारा प्रवाही होने की उम्मीद है। आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एएनबीआरवाई) के तहत रोजगार सहायता में और अधिक वृद्धि, सूक्ष्म-वित्त संस्थानों द्वारा ऋण उपलब्धता हेतु ऋण गारंटी योजना के माध्यम से शहरी गरीबों को लक्षित समर्थन और व्यापक भारत-नेट डिजिटलीकरण कवरेज से खपत की भावना बढ़ने की उम्मीद है। दूसरी ओर इस पैकेज के तहत मनरेगा कार्यान्वयन को जारी रखने के साथ निःशुल्क खाद्यान्न और बढ़ी हुई उर्वरक सब्सिडी आने वाली तिमाहियों में ग्रामीण मांग के लिए एक सुविधा के रूप में काम करेगा। टीकाकरण में तीव्र गति बनाए रखना और शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की अवसंरचना के अंतर को कम करना, भारतीय अर्थव्यवस्था की सतत बहाली के लिए सबसे स्थायी प्रोत्साहन के रूप में उभरेगा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी सकल घरेलू उत्पाद के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2019-20 में 4.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, वर्ष 2020-21 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत तक विस्तारित होने का अनुमान है (अनुबंध की तालिका 1)।

23 जुलाई, 2021 को जारी नवीनतम वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार, श्रम बल भागीदारी दर अर्थात् श्रम की आपूर्ति 2018-19 में 37.5 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 40.1

प्रतिशत हो गई और श्रमिक जनसंख्या अनुपात अर्थात् नियोजित श्रम बल 35.3 प्रतिशत से बढ़कर 38.2 प्रतिशत हो गया, जबकि सामान्य स्थिति अनुमान के अनुसार बेरोजगारी दर 5.8 प्रतिशत से घटकर 4.8 प्रतिशत हो गई। क्षेत्र-वार वृद्धि दरें अनुबंध में तालिका में दी गई हैं।

2. **अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम**

i. अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा बहुपक्षीय एजेंसियों नामतः प्रतिभूतियों के आयोगों के अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईओएससीओ) और बीमा पर्यवेक्षकों के अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईएआईएस) को मंत्रिमंडल द्वारा 28 जुलाई, 2021 को बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए अनुमोदन दिया था।

ii. जुलाई, 2021 में निम्नलिखित विनियामकों को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा अधिसूचित किया गया हैः-

आईएफएससीए (बैंकिंग) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2021
आईएफएससीए (विनियम बनाने की प्रक्रिया) विनियम, 2021
आईएफएससीए (बुलियन एक्सचेंज) (संशोधन) विनियम, 2021
आईएफएससीए (प्रतिभूतियों का निर्गमन एवं सूचीबद्ध करना) विनियम, 2021
आईएफएससीए (बैंकिंग) विनियम, 2020 (6.7.2021 तक संशोधित के अनुसार)

iii. श्री भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जन्म शताब्दी पर 125 रुपये के मूल्य का स्मारक सिक्का जारी करने के लिए 19 जुलाई, 2021 को एक राजपत्र अधिसूचना जारी की गई थी।

iv. भारत सरकार ने समन्वित और उत्तरदायी भारतीय सामाजिक सुरक्षा प्रणाली विकास नीति वित्तपोषण बनाने के लिए 15 जुलाई, 2021 को विश्व बैंक के साथ क्रमशः एक ऋण समझौता और एक वित्तीय समझौता किया है, जिसमें (आईबीआरडी) 387.50 मिलियन अमरीकी डालर (ऋण) की राशि का ऋण और अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) से एसडीआर से 12.60 मिलियन के रियायती ऋण से प्राप्त जमा और 94.50 मिलियन अमरीकी डालर के गैर-रियायती क्रेडिट शामिल है।

v. माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से, भारत ने 11वीं मूल अवधि के लिए आईएमएफ के 456 बिलियन एसडीआर (650 अमरीकी डालर के बराबर) के नए एसडीआर आबंटन प्रस्तावों पर 28 जुलाई, 2021 को 12.7 बिलियन एसडीआर (लगभग 17.9 बिलियन अमरीकी डालर के समतुल्य) का योगदान करने की सहमति दी है।

vi. 16 जुलाई, 2021 को विश्व बैंक (आईबीआरडी) के साथ 125 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण राशि के साथ लोचदार केरल कार्यक्रम (आरकेडीपी) के लिए कानूनी समझौते पर हस्ताक्षर किए

थे। इस परियोजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों और जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध राज्य को क्षमता बढ़ाने के लिए केरल पुनर्निर्माण पहल का समर्थन करना है।

3. **जुलाई, 2021 माह के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बैठकें हुईं:**

(i) माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन और आरबीआई गवर्नर ने इटेलियन प्रेसीडेंसी के तहत 9-10 जुलाई, 2021 को वर्चुअल रूप से आयोजित तीसरी जी-20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

(ii) माननीय वित्त मंत्री ने 16 जुलाई, 2021 को यूएस इंडिया बिजनेस काउसिंल (यूएसआईबीसी) के साथ बैठक की।

(iii) सचिव (आर्थिक कार्य) ने 28 जुलाई, 2021 को भारत और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बीच वार्षिक अनुच्छेद IV परामर्श के समापन सत्र की अध्यक्षता की, जो 12-28 जुलाई, 2021 के दौरान वर्चुअल रूप से आयोजित की गई थी। आईएमएफ में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिवर्तन के मुद्दों, सुधार की पहल और विकास की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों और आरबीआई के साथ बातचीत की।

(iv) ब्रिक्स की 2021 की अध्यक्षता के तहत, भारत ने 27 जुलाई, 2021 को वर्चुअल तौर पर आयोजित ब्रिक्स वित्त और केंद्रीय बैंक के प्रतिनिधियों की दूसरी बैठक की मेजवानी की। सचिव (आर्थिक कार्य) ने संयुक्त रूप से भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

(v) अपर सचिव (एमबी) ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केंद्र (एसएआरटीटीएसी) की पांचवी संचालन समिति की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो वर्चुअल रूप से 7 जुलाई, 2021 को आयोजित की गई थी। बैठक में वित्त वर्ष 2021 में एसएआरटीटीएसी के संचालन और गतिविधियों तथा वित्त वर्ष 2022 के दौरान एसएआरटीटीएसी की प्रस्तवित कार्य योजना पर चर्चा हुई।

(vi) अपर सचिव (एमबीसी) ने बहुपक्षीय विकास बैंकों/द्विपक्षीय एजेंसियों से वित्तपोषण के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए आर्थिक कार्य विभाग स्क्रीनिंग समिति की 23 जुलाई, 2021 को आयोजित 118वीं बैठक की अध्यक्षता की।

(vii) भारत-यूके सस्टेनेबल फाइनेंस फोरम की दूसरी बैठक 20 जुलाई, 2021 को डीडीजी (बीसी और एसएफ) और उप निदेशक एसएम ट्रेजरी, यूके की सह-अध्यक्षता में यूके-इंडिया सहयोग सतत् वित्त का संघटन और वित्त व्यवस्था को समृद्ध बनाने पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी।

(viii) डीडीजी (बीसीएंडएसएफ) में सतत् वित्त कार्य बल (एसएफडब्ल्यूजी) की तीसरी बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो 27 जुलाई, 2021 को आयोजित की गई थी। चर्चा संश्लेषण रिपोर्ट और एक बहुवर्षीय जी-20 सतत् वित्त रोड मैप में उल्लिखित विभिन्न्न मुद्दों पर केंद्रित थी।

(ix) आईवरी कोस्ट और विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से आबिदजान में आईडीए-20 की पुनःपूर्ति से पहले अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रभावी वित्तपोषण तंत्र पर चर्चा करने के लिए 15 जुलाई,

2021 को एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में आ.का.वि. के अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से भाग लिया।

(x) अर्ली वार्निंग ग्रुप (ईडब्ल्यूजी) की 24वीं बैठक 28 जुलाई, 2021 को आयोजित की गई थी। निदेशक (एफएसएंडसीएस) समूह के सदस्य हैं और बैठक में शामिल हुए थे। समूह ने वित्तीय प्रणाली की कमजोरियों और निगरानी के साथ-साथ जोखिम के दृष्टिकोण को प्रभावित करने वाली प्रमुख आर्थिक घटनाओं पर चर्चा की।

(xi) एसएआरटीटीएसी के प्रशिक्षण निदेशकों की बैठक वर्चुअल रूप से 01 जुलाई, 2021 को आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व आ.का.वि. के अधिकारियों ने किया था।

(xii) माह के दौरान आर्थिक कल्याण पर शक्ति प्राप्त समूह (ईजीईडब्ल्यू) की कई बैठकें हुई।

(xiii) द्विपक्षीय निवेश संधि पर 06 जुलाई, 2021 को भारत और यूएई के बीच पांचवें दौर की चर्चा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई।

(xiv) प्रोत्साहन निवेश समझौते (आईआईए) पर भारत और अमेरिका के बीच 16 जुलाई, 2021 तीसरे दौर की चर्चा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई।

(xv) भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि पर 20 जुलाई, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा का दौर आयोजित किया गया था।

**3. न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतिकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**4. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना**

शून्य।

**5. विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारतः 20

***

**<u>अनुबंध</u>**

| सारणी 1: आर्थिक कार्यकलाप द्वारा बुनियादी मूल्यों पर जीवीए और बाजार मूल्यों पर जीडीपी की वृद्धि (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **स्थिर मूल्यों पर वृद्धि दर (2011-12) (प्रतिशत में)** | |
| | **2019-20** प्रथम संशोधन अनुमान | **2020-21** अनंतिम अनुमान |
| **कृषि, वानिकी एवं मत्स्य** | **4.3** | **3.6** |
| **उद्योग** | (-) **1.2** | (-) **7.0** |
| खनन और उत्खनन | (-) 2.5 | (-) 8.5 |
| विनिर्माण | (-) 2.4 | (-) 7.2 |
| विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 2.1 | 1.9 |
| निर्माण | 1.0 | (-) 8.6 |
| **सेवाएं** | **7.2** | (-) **8.4** |
| व्यापार, होटल, परिवहन, भंडारण, संचार आदि | 6.4 | (-) 18.2 |
| वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 7.3 | (-) 1.5 |
| लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 8.3 | (-) 4.6 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | **4.1** | (-) **6.2** |
| **बाजार मूल्यों पर जीडीपी** | **4.0** | (-) **7.3** |
| स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एनएसओ)। टिप्पणी: सं.अनु. – संशोधन अनुमान अ.अनु. – अनंतिम अनुमान | | |

| सारणी 2: जीडीपी और इसके घटकों की मांग में वार्षिक वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| **घटक** | **2019-20** | **2020-21** |
| | प्रथम संशोधित अनुमान | अनंतिम अनुमान |
| कुल खपत | 5.9 | (-) 7.3 |
| सरकारी खपत | 7.9 | 2.9 |
| निजी खपत | 5.5 | (-) 9.1 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 5.4 | (-) 10.8 |

| | | |
|---|---|---|
| निर्यात | (-) 3.3 | (-) 4.7 |
| आयात | (-) 0.8 | (-) 13.6 |
| **जीडीपी** | **4.0** | (-) **7.3** |
| स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एनएसओ)। टिप्पणी: सं.अनु. – संशोधन अनुमान अ.अनु. – अनंतिम अनुमान | | |

| **सारणी 3: मुद्रास्फीति – सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में)** | | | |
|---|---|---|---|
| | **जून 2020** | **मई 2021** | **जून 2021** |
| **सीपीआई-सी** | 6.23 | 6.30 | 6.26 |
| **डब्ल्यूपीआई** | (-) 1.81 | 12.94 | 12.07 |

स्रोत: सीपीआई-सी के लिए एनएसओ और डब्ल्यूपीआई के लिए ओईए, डीपीआईआईटी

टिप्पणी: 1. पिछले दो महीने के डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

| **सारणी 4: मौद्रिक विकास** | |
|---|---|
| मद | **16.7.2021** |
| नीति रेपो दर | 4.0 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष आय (एफबीआईएल) | 6.14 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 6.1 |

टिप्पणी: # 2.7.2021 की स्थिति के अनुसार

| **सारणी 5: व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर)(बिलियन अमरीकी डालर में)** | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| **जून, 2020** | 21.9 | 21.1 | 0.8 |
| **जून, 2021** | 32.5 | 41.9 | (-) 9.4 |

| **सारणी 6: सेवाओं का व्यापार निष्पादन (बिलियन अमरीकी डालर में)** | | | |
|---|---|---|---|
| **मई, 2020** | 17.4 | 10.2 | 7.1 |

स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 15.7.2021 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम आंकड़े।

| सारणी 7: भुगतान शेष | | |
|---|---|---|
| **मदें** | **2019-20** | **2020-21 (पी)** |
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डालर में) | (-) 24.6 | 24.0 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत में) | (-) 0.9 | 0.9 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक टिप्पणी: पी – अनंतिम | | |

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डालर में) | |
|---|---|
| **मार्च 2021** | 577.0 |
| **16.7.2021** | 612.7 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | |

| सारणी 9: भारतीय रुपए की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पाउंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| **1.7.2021** | 74.3943 | 102.7301 | 88.0819 | 66.9200 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | | | |

| सारणी 10: विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | मार्च, **2020** के अंत तक पीआर **(1)** | मार्च, **2021** के अंत तक पी **(2)** | प्रतिशत भिन्नता **[(2/1)-1]*100** |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 558.4 | 570.0 | 2.1 |
| स्रोत: मार्च, 2021 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, भारतीय रिजर्व बैंक<br>टिप्पणी: पीआर – आंशिक रूप से संशोधित पी - अनंतिम | | | |

| सारणी 11: औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिंदु<br>मासिक वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) प्रतिशत में | | | |
|---|---|---|---|
| औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) | **मार्च 2020** | **अप्रैल 2020** | **मई 2020** |
| | (-) 18.7 | (-) 57.3 | (-) 33.4 |
| | **मार्च 2021** | **अप्रैल 2021** | **मई 2021** |
| | 22.4 | 134.4 | 29.3 |

| सारणी **12:** आठ प्रमुख उद्योग<br>मासिक वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) प्रतिशत में | | | |
|---|---|---|---|
| | **अप्रैल 2020** | **मई 2020** | **जून 2020** |
| आठ प्रमुख उद्योग (आईसीआई) | (-) 37.9 | (-) 21.4 | (-) 12.4 |
| | **अप्रैल 2021** | **मई 2021** | **जून 2021** |
| | 60.9 | 16.2 | 8.9 |

*****